भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधायी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4216
जिसका उत्तर शुक्रवार, 20 दिसम्बर, 2024 को दिया जाना है

## नौकरियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण के संबंध में उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी

**4216. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आज की तिथि तक सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण के संबंध में 01 अगस्त, 2024 को उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय/टिप्पणी के संबंध में कोई कदम उठाया है/उठाने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);**
**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

**(क) से (ग) :** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब राज्य और अन्य बनाम दविंदर सिंह और अन्य (सिविल अपील संख्या 2317/2011) और इससे जुड़े मामलों में 1 अगस्त, 2024 को दिए गए अपने निर्णय में कहा है कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का उप-वर्गीकरण स्वीकार्य है। सरकार ने निर्णय की विषय-वस्तु पर गौर किया है और कोई कदम उठाने पर विचार नहीं किया है।

***********